**Regarding establishment of a Cancer Hospital in Gorakhpur, Uttar Pradesh-Laid**

श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशन **(गोरखपुर) :** मेरा संसदीय क्षेत्र गोरखपुर उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल का सबसे बड़ा शहर है । यहाँ कैंसर के मरीज़ों की संख्या बहुत बड़ी है । यहाँ एम्स अस्पताल है, लेकिन कैंसर का कोई अस्पताल नहीं है । गोरखपुर की आधारभूत संरचना पर आस पास के बीस ज़िले निर्भर हैं । उन्हें कैंसर का इलाज कराने के लिए दिल्ली और मुंबई जाना पड़ता है जो मेरे क्षेत्र और आस पास के जिलों और पड़ोसी राज्य बिहार के गरीब लोगों के लिए अत्यंत दुष्कर है, क्योंकि उनकी आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय है ।

अतः मैं केंद्र सरकार से माँग करता हूँ कि गोरखपुर में यथाशीघ्र एक कैंसर अस्पताल का निर्माण करने की कृपा करें ।